# बस्ती में नकली शराब बेचने वाले अंतरराज्जीय गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,बस्ती | Published By: Newswrap

- Last updated: Tue, 04 Aug 2020 03:44 AM



नकली शराब बनाने व बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का स्वॉट व कप्तानगंज थाने की संयुक्त टीम ने सोमवार को खुलासा किया। गैंग के सरगना शुभम समेत सात गुर्गों को दबोच कर उनके कब्जे से 665 लीटर रेक्टीफाइड स्प्रीट व शराब बनाने का उपकरण बरामद किया गया है।

एसपी हेमराज मीणा ने सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में खुलासा किया कि पंजाब से रेक्टीफाइड स्प्रिट मंगाकर यह गैंग नकली शराब बनाता है। शराब के सरकारी ठेकों के साथ ही ब्लैक में इसकी बिक्री कर तगड़ा मुनाफा होता है। बरामद रेक्टीफाइड स्प्रिट से करीब चार हजार लीटर नकली शराब तैयार होती, जिसकी बाजार में कीमत करीब दस लाख रुपये है।

एसपी ने बताया कि गैंग लीडर निवासी तेलियाडीह थाना कप्तानगंज शुभम के साथ संदेश कुमार उर्फ छोटू निवासी महाराजगंज थाना कप्तानगंज, भजमन उर्फ कुकुनू निवासी पिनेसर थाना हर्रैया, अभिनाश कुमार सिंह उर्फ छोटू निवासी फरेन्दा सेंगर थाना कप्तानगंज, शिवम निवासी, बबलू निषाद निवासी थूहा थाना कप्तानगंज और कुशीनगर के हाटा थानांतर्गत अर्जुन डुमरी निवासी जय नारायण को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह जिले के साथ ही आसपास के जनपदों में सरकारी ठेके की दुकान व ग्रामीण क्षेत्रों में नकली शराब की खपत कर भारी मुनाफा कमाता था। पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ कर इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की कुंडली खंगाली जा रही है।

गन्ने के खेत बरामद हुई रेक्टीफाइड स्प्रिट

सीओ कलवारी अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में स्वॉट व कप्तानगंज की टीम अपमिश्रित शराब के कारोबारियों का सुराग लगाने में जुटी थी। एसपी ने बताया कि तीन अगस्त की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि तोलियाडीह तिराहे के पास सात लोग प्लास्टिक की सफेद डिब्बे में अपमिश्रित शराब लेकर कहीं बेचने जाने की तैयारी में हैं। टीम पहुंची तो सभी भागने लगे। घेराबंदी कर सातों को दबोच लिया गया। उनकी निशादेही पर मन्नू निषाद के गन्ने के खेत से रेक्टीफाइड स्प्रिट, अपमिश्रित शराब, यूरिया, नौसादर के अलावा दो बाइक बरामद की गई। सरगना समेत अन्य गुर्गों पर जिले के विभिन्न थानों में कुल मिलाकर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/basti/story-interstate-gang-busting-fake-liquor-in-basti-seven-arrested-3395969.html